उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग
देहरादून
पत्र प्राप्ति सं. 269
दिनांक 28/8/25
प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर

पूर्ति में mail से 5/9

दिनांक–20–08–2025

माननीय अध्यक्ष,
अल्पसंख्यक आयोग,
उत्तराखण्ड देहरादून ।

यः– शिकायती प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में।

ोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है, प्रार्थी द्वारा दिनांक–08–07–2025 को एक शिकायती पत्र ननीय महोदय को प्रस्तुत किया गया था, जिसके माध्यम से प्रार्थी द्वारा अवगत कराया गया था, कि प्रार्थी से अधिष्ठान अनुभाग सम्बन्धित कार्य यथा पेशंन ,समयमान–वेतनमान (ए0सी0पी0), वेतन निर्धारण, जी0पी0एफ0 सी0पी0एस0एन0 सेवा पुस्तिकाओं से बन्धित कार्य, अवकाश नगदीकरण दैनिक वेतनभोगी बिल, गोदाम निर्माण/गोदाम किराया बिल आदि अतिरिक्त कार्य नबूझकर दबाव मे कराये जा रहे है, जिससे प्रार्थी को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

माननीय महोदय द्वारा प्रार्थी के उक्त शिकायती प्रार्थना पत्र का संज्ञान गम्भीरता से लेते हुए अपने पत्र ख्या–169/दिनांक–15 जुलाई 2025 से जिला अधिकारी महोदय बागेश्वर को प्रार्थी का पक्ष भी अनिवार्य रूप से सुनते हुए स्या का समाधान करने हेतु निर्देश जारी किये गये थे, जिसके कम में माननीय महोदय को अवगत कराना है, कि आदरणीय ला अधिकारी महोदय बागेश्वर द्वारा दिनांक–12 अगस्त 2025(दिन मंगलवार) समय अपरान्ह 3.30 बजे सुनवाई हेतु तिथि नियत गई। निर्धारित तिथि में प्रार्थी जिला अधिकारी महोदय श्री आशीष कुमार भटगांई के सम्मुख स्वयं उपस्थित हुआ। प्रार्थी का भी जिला अधिकारी महोदय बागेश्वर द्वारा गम्भीरता से सुना गया तदउपरान्त जिला अधिकारी महोदय द्वारा जिला पूर्ति धेकारी महोदय को प्रार्थी से उक्त अतिरिक्त पटलों का कार्य अन्य कर्मचारी को हस्तगत करने के आदेश पारित किये गये, सके अनुपालन में जिला पूर्ति अधिकारी महोदय बागेश्वर ने कार्यालय आदेश संख्या–869/दिनाक–13–08–2025 को अधिष्ठान भाग में कार्यरत कर्मचारी को उक्त समस्त कार्य ग्रहण करने के आदेश दिये गये जिसके कम में प्रार्थी द्वारा उक्त समस्त कार्य नांक–14–08–2025 को हस्तगत किये जा चुके है।

माननीय अध्यक्ष महोदय आपके द्वारा एक अल्पसंख्यक समुदाय के कर्मचारी की समस्यां को बड़ी गम्भीरता से या गया एवं प्रार्थी की बात का मान–सम्मान भी रखा गया है, व प्रार्थी की समस्या का समाधान भी किया गया है जो संविधान गरिमा व विश्वास को बनाये रखने में अत्यन्त महत्वपूर्ण साबित होगा। किये गये उपकार के लिए प्रार्थी माननीय अध्यक्ष ोदय के प्रति कोटि–कोटि आभार प्रकट करते हुए नतमस्तक है।

प्रार्थी,
20.08.25
(मो0असलम)
पूर्ति निरीक्षक,
जिला पूर्ति कार्यालय बागेश्वर।